## महत्वपूर्ण एवं खास



### 7 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत 7 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में कुल 26 प्रशिक्षार्थी शामिल हुए। प्रशिक्षण में ऋण योजना अंतर्गत बैंकों से स्वीकृत हितग्राहियों का ऋण वितरण के पूर्व प्रशिक्षण लिया जाना होता है। प्रशिक्षण के दौरान उद्योग, सेवा, व्यवसाय स्थापना में महत्वपूर्ण सावधानियां, लेखा, बीमा, संप्रेषण कला का विकास, स्थल चयन में सॉवधानियां, गुमाश्ता कानून आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ शिव राठौर ने हितग्राहियों को जाब सीकर के स्थान पर जाब प्रोवाईडर बनने हेतु शुभकामनाएं दी। योजना अंतर्गत रायगढ़ जिले ने वर्ष 2021-22 हेतु लक्ष्य की प्राप्ति कर ली है।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने महुआ पेड़ को मारी टक्कर, पेड़ जड़ समेत उखड़ा

**रायगढ़।** जिले के धर्मजयगढ़, छाल इलाके में बड़े वाहनों की रफ्तार जहां कम नही होते देखी जाती वहीं आएदिन इन मार्गो पर वाहनों की दुर्घटनाओं का डायर जारी है।इसी क्रम में बीती रात धर्मजयगढ़ के छाल और घरगोड़ा मुख्य मार्ग पर एक ट्रेलर वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पेड़ जड़ समेत उखड़ गया वहीं दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर भाग गया है।बता दे कि दुर्घटना दरअसल छाल क्षेत्र के बोजिया की है जहां मुख्य मार्ग पर स्थित कोदवारीपारा के पास एक ट्रेलर वाहन तेज रफ्तार में छाल से घरगोड़ा की तरफ जा रही थी की सामने से आ रही एक अन्य वाहन को साइड देने के चक्कर मे सड़क किनारे स्थित महुआ के पेड़ से टकरा गई वहीं इस टक्कर में महुआ का पेड़ जड़ समेत उखड़ कर गिर गया बताया जा रहा है कि ट्रेलर चालक दुर्घटना के बाद से ही वाहन छोड़कर भाग गया वहीं दुर्घटना के बाद कुछ समय तक इस सड़क पर आवागमन बाधित रहा।

### आईआईटी के 5 छात्र मिले कोरोना पाजिटिव

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में कोरोना की रफ्तार तेजी से बढ़ने लगी है। आईआईटी भिलाई के 5 छात्र की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। इसकी पुष्टि आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर रजत मुना ने की है। आईआईटी भिलाई अभी नवा रायपुर के आईआईएम में संचालित है। आईआईटी के डायरेक्टर ने बताया कि अलग-अलग राज्यों से छात्रों की वापसी 20 तारीख से शुरू हो गई थी। छात्रों के आने के बाद उन्हें 5 दिन के लिए क्वारंटाइन किया गया था। इसके बाद उनके टेस्ट भी किए गए। टेस्ट में 5 छात्रों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्हें अलग से क्वारंटाइन कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सभी छात्रों को टीके की दोनों रोज लग चुकी है। इसके बाद भी उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। एतिहातन कमरों को सैनिटाइज किया गया है। वहीं सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

# 90 छात्र सीखेंगे फिल्म मेकिंग, फिल्म एण्ड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया देगा ट्रेनिंग

**» फिल्म निर्माण की बारीकियों के साथ स्मार्ट फोन से मूवी मेकिंग सीखेंगे छात्र**



**रायगढ़।** रायगढ़ के 90 अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को कौशल विकास पाठ्यक्रम के तहत फिल्म आधारित कोर्स करवाये जायेंगे। यह कोर्स भारत की प्रतिष्ठित संस्था फिल्म एण्ड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई)पूणे के द्वारा करवाया जाएगा। इसमें छात्रों को दो कोर्स की ऑनलाईन ट्रेनिंग दी जाएगी। पहला कोर्स 'फिल्म एप्रिशियेसन' तथा दूसरा 'स्मार्ट फोन फिल्म मेकिंग' का होगा। इस संबंध में कलेक्टर भीम सिंह व सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने आज फिल्म एण्ड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के डायरेक्टर संदीप सहारे व कोर्स इंचार्ज प्रो.अश्वनी से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कर ट्रेनिंग प्रोग्राम को अंतिम रूपरेखा दी।

कलेक्टर सिंह ने दोनों कोर्सेस के बारे में एफटीआईआई के डायरेक्टर सहारे से जानकारी ली। सहारे ने बताया कि फिल्म एप्रिशियेसन कोर्स फिल्म मेकिंग के सभी पहलुओं के बारे में आधारित है, जिसमें एक फिल्म को तैयार करने के लिए आवश्यक सभी विधाओं डायरेक्शन, एडीटिंग, साउण्ड डिजाईन, आर्ट डायरेक्शन, कॉस्टिंग के बारे में छात्रों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसी प्रकार आज स्मार्ट फोन से मूवी मेकिंग एवं व्लागिंग जो काफी ट्रेंड में है, इस पर आधारित कोर्स के माध्यम से छात्रों को स्मार्ट फोन से फिल्म निर्माण की ट्रेनिंग दी जाएगी। कलेक्टर सिंह ने इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य को दिए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले के छात्रों के लिए इतनी प्रतिष्ठित संस्था से फिल्म मेकिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिससे छात्र एक नया स्किल सेट सीखेंगे, साथ ही बेहतर एक्सपोजर भी उन्हें मिलेगा। ट्रेनिंग के संबंध में जानकारी देते हुए सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने बताया कि जनवरी माह में ट्रेनिंग कोर्स चलाया जाएगा। दोनों कोर्स की ट्रेनिंग अवधि 5-5 दिन की रहेगी। इसके लिए रायगढ़ के किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के 50 व शासकीय महाविद्यालय पुसौर के 40 छात्रों का चयन किया गया है। ऑनलाईन माध्यम से यह कोर्स संचालित किया जाएगा। जिसके पश्चात छात्रों को ट्रेनिंग सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

मालूम हो कि फिल्म एण्ड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया पूणे में स्थित फिल्म प्रशिक्षण से जुड़ी भारत की प्रतिष्ठित संस्था है। इस संस्था से अभिनय व निर्देशन के क्षेत्र से जुड़े कई नामचीन कलाकार प्रशिक्षण ले चुके है। जिनमें मुख्य रूप से नसीरूद्दीन शाह, ओम पुरी, शबाना आजमी, जया बच्चन, शत्रुघन सिन्हा, मिथुन चक्रवर्ती, डैनी डेन्जोंगपा, राजकुमार राव, संजय लीला भंसाली, राजकुमार हिरानी, डेविड धवन जैसे नाम शामिल है।

## कोरोना एवं नये वेरिएण्ट ओमिक्रान के संक्रमण के नियंत्रण हेतु उद्योगों के लिए दिशा-निर्देश जारी

**» कलेक्टर भीम सिंह ने जारी किया आदेश**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने नोवेल कोरोना वायरस एवं नये वेरिएण्ट ओमिक्रान संक्रमण के नियंत्रण हेतु उद्योगों के लिए आदेश जारी किया है। जिसके तहत समस्त औद्योगिक संस्थान के प्रबंधन अन्य राज्यों से आने वाले प्रवासी मजदूरों/व्यक्तियों के आने के उपरांत इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ को देंगे। साथ ही प्रवासी मजदूरों को शासन के दिशा-निर्देश का पालन करते हुये क्वारेंटाईन में रखे जाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक औद्योगिक संस्थान में क्वारेंटाईन सेंटर स्थापित करना अनिवार्य है। यदि कोई श्रमिक में कोविड-19 का लक्षण होता है तो उसे आईसोलेशन में रखने के साथ ही समुचित इलाज की सुविधा करने की जिम्मेदारी औद्योगिक प्रबंधन की होगी। बाहर से आने वाले श्रमिकों/कर्मचारियों/व्यक्तियों का अनिवार्यतः आरटीपीसीआर टेस्ट कराया जाना है एवं निगेटिव रिपोर्ट आने के पश्चात् ही कार्य पर संलग्न किये जाये। उद्योग के सभी कर्मचारियों/अधिकारियों को कोरोना वैक्सीन का डबल डोज लेना सुनिश्चित करें। कार्य स्थल पर आने वाले सभी व्यक्तियों को थर्मल स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाये एवं हैण्डवाश तथा सेनेटाईजर का प्रावधान किया जाये। कार्य स्थल पर फेस मास्क पहनना अनिवार्य होगा। शासन द्वारा जारी कोविड के गाईड लाईन/दिशा निर्देश का पालन करते हुये कार्य संपादित किया जाए। कोविड संबंधी निर्देशों के पालन में प्रमाण-पत्र तत्काल जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ को उपलब्ध करावें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

## निरीक्षक मोहन राम भगत, उपनिरीक्षक भैरव प्रसाद मिश्रा के साथ चार पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त



**रायगढ़।** दिनांक 31/12/2021 को पुलिस विभाग में सेवा देते हुए अपनी अर्द्धवार्षिक की आयु 62 वर्ष पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत हो रहे निरीक्षक मोहन राम भगत, उपनिरीक्षक भैरव प्रसाद मिश्रा, प्रधान आरक्षक धरम सिंह राठिया, प्रधान आरक्षक सम्मे सिंह सिदार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा स्वस्थ्य एवं दीर्घायु की शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा विभाग को दी गई सेवा के प्रति कृतज्ञता जाहिर कर उनका शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मान किया गया।

पुलिस अधीक्षक मीणा द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से उनके पारिवारजनों की जानकारी लेकर आगे उन्हें विभाग से किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर निसंकोच संपर्क करने कहा गया। रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे बताये कि निरीक्षक मोहन राम भगत रक्षित केन्द्र, उपनिरीक्षक भैरव प्रसाद मिश्रा थाना चक्रधरनगर, प्रधान आरक्षक धरम सिंह राठिया रक्षित केन्द्र एवं प्रधान आरक्षक सम्मे सिंह सिदार थाना सरिया में कार्यरत थे। सेवानिवृत पुलिसकर्मियों को उनके सभी साथी पुलिसकर्मियों द्वारा शुभकामनाएं देकर स्ल्पाहार बाद विदाई दी गई।

## कलेक्टर ने चरवाहों से की चर्चा, गोठान में पशुओं की संख्या बढ़ाने किया प्रोत्साहित

**» हर विकासखण्ड के सबसे अधिक उपस्थिति वाले गौठान के चरवाहे को मिलेगा नगद पुरस्कार**

**रायगढ़।** गोधन न्याय योजना के अन्तर्गत पशु पालकों के साथ ही चरवाहे को भी गौठानो में पशुओं को लाकर प्राप्त गोबर की ब्रिकी कर आय अर्जित कर सकते है। इस संबंध में आज कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के 9 ब्लाकों के विभिन्न गांवों के चरवाहों से गौठानो में पशुओं की उपस्थिति पर चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी उपस्थित थे।

कलेक्टर भीम सिंह ने जिले के विकासखंडवार चरवाहों से चर्चा की। उन्होंने वर्तमान में गौठानों में पशुओं की संख्या पर उनसे जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गौठान का प्रमुख उद्देश्य गांव के पशुधन के लिए पर्याप्त चारे-पानी की व्यवस्था के साथ उचित देखभाल करना है। साथ ही गौठानों में पशुओं से मिलने वाले गोधन की बिक्री के साथ ही उससे वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने का काम भी होता है। इसके तहत गौठान में पशुओं की देखरेख करने का कार्य चरवाहों का है। गौठान में रहने के दौरान पशुओं से प्राप्त गोबर का विक्रय चरवाहे द्वारा किया जा सकता है। अभी विभिन्न गौठानों में चरवाहों ने इस प्रकार गोबर बिक्री कर अच्छी आय अर्जित की है। अतः ऐसी व्यवस्था जिले के सभी गौठानों में सुनिश्चित करनी है। इसके लिए आवश्यक है कि चरवाहे गांव के पशुओं को नियमित रूप से गौठान में लेकर आए, जिससे न केवल पशुओं के खुले में घूमने से होने वाली फसल क्षति कम होगी बल्कि चरवाहों के लिए अतिरिक्त आय का जरिया भी निर्मित होगा। उन्होंने कहा कि इन गौठानों में पशुओं के लिए हरा चारा, पानी एवं उपचार के लिए डॉक्टर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पशुओं के लिए सूखे चारे का संग्रहण भी किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने आगे कहा कि जिले में रबी फसल के रकबे को बढ़ाने के लिए भी यह जरूरी है कि पशु गौठानों में आए। पशुओं के गौठानों में पहुंचने से रबी फसल को कम नुकसान होगा व किसानों का मुनाफा बढ़ेगा, साथ ही चरवाहों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा।

**चरवाहों को मिलेगा ईनाम** - कलेक्टर भीम सिंह ने चरवाहों से चर्चा के दौरान उनके गौठान में पशुओं की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। बेहतर उपस्थिति वाले गौठानों के चरवाहों का उन्होंने उत्साहवर्धन किया।

## दिन में ड्यूटी के बाद रात में बैडमिंटन कोर्ट में नजर आते हैं पुलिसकर्मी

**» जवानों के उत्साह को देखते एसपी आफिस में आयोजित एक दिवसीय रात्रि कालीन बैडमिंटन प्रतियोगिता**

**» प्रतियोगिता में 10 युगल टीमें हुई शामिल, एडिशनल एसपी ने शुभारंभ किया प्रतियोगिता**



**रायगढ़।** खेल हमारे जीवन का एक एहम हिस्सा होने के साथ साथ खेल व्यक्ति को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रखता है, खेल मनोरंजन का प्रमुख साधन भी है। आम व्यक्ति की तरह पुलिसकर्मियों में काम के तनाव को दूर करने समय निकाल कर खेल के जरिए तनाव से निजात पाते हैं। इस कारण रक्षित केन्द्र, थाना, चौकी में वॉलीबाल, बैडमिंटन कोर्ट आपको देखने मिल जायेगा। एसपी आफिस के परिसर में भी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिसकर्मियों के लिये बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया है, जहां ड्यूटी से छूटने के बाद पुलिस लाइन, शहर के थाना/चौकी एवं कार्यालयीन स्टाफ बैडमिंटन खेलते हैं। पुलिसकर्मियों के बीच बैडमिंटन को लेकर उत्साह को देखते हुए रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे एसपी स्टेनो अशोक देवांगन व प्रभारी मुख्य लिपिक जेपी चेलकर द्वारा आफिस में एक दिवसीय रात्रिकालीन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसमें पुलिसकर्मियों की 10 युगल टीमें हिस्सा ले रही है।

एडिशनल एसपी लखन पटले द्वारा टॉस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। खिलाडियों का हौसला बढाते हुए एडिशनल एसपी सभी को खेल भावना से खेलने और मैच का आनंद लेने कहा गया। वह बताये कि आने वाले समय में पुलिसकर्मियों के बीच वृहद टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। पूरे मैच दौरान रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे व पुलिसकर्मी खिलाडियों का हैसला बढाते रहे।

प्रतियोगिता में एसपी स्टेनो उनि(अ)अशोक देवांगन, प्रभारी मुख्य लिपिक उनि(अ) जेपी चेलकर, सहायक उपनिरीक्षक दिलीप यादव, रेशम लाल साहू, सउनि(अ)ओम प्रकाश कंवर, प्रधान आरक्षक दिनेश सिंह, हीरा सिदार, आरक्षक फुलजेंस बरवा, मनीष चौहान, रामचरण खांडेकर, पद्मन मानिकपुरी, लहर सिंह, कविंद्र चन्द्रा, प्रभात प्रधान, जेरोम खलखो, गणेश भगत, चक्रधर सिदार, सुरेश खुंटे, जितेन्द्र कुर्रे, दिलीप सिदार, विकास तिर्की अपने युगल साथी खिलाडी के साथ हिस्सा ले रहे हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में हुई त्वरित कार्रवाई आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर



**रायगढ़।** दिनांक 31.12.2021 को थाना कोसीर में अपने परिजनों के साथ निर्मल वर्मा निवासी थाना क्षेत्र कोसीर के विरूद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने आयी बालिका के रिपोर्ट पर थाना प्रभारी कोसीर जयमंगल प्रसाद पटेल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को अपराध कायमी के कुछ ही देर बाद गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है, जहां से आरोपी को जेल वारंट में जेल दाखिल किया गया है।

पीड़िता लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि करीब 06 माह पहले एक दिन सुबह करीब 11-12 बजे घर में अकेली थी। उसी समय निर्मल वर्मा कुछ कागजात लेकर घर पहुंचा और अकेली पाकर घर के परछी बलपूर्वक शारीरिक संबंध बनाया और किसी को बताने पर घर परिवारवालों को मारने की धमकी दिया। उसके बाद से घटना गांव में बताकर बदनाम करने की धमकी देकर कई बार शारीरिक बनाया। दिनांक 29-12-2021 की रात मां के द्वारा मोबाईल चलाने की बात पर डांटने से घर के बाहर जाकर खड़ी थी। तभी निर्मल वर्मा देखा और धमकी देकर फिर से शारीरिक संबंध बनाया। निर्मल वर्मा के आते जाते अश्लील बातें करने और धमकी देने से परेशान होकर घरवालों को निर्मल वर्मा की हरकत बताई और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। आरोपी निर्मल वर्मा पिता आनंद वर्मा उम्र 42 साल निवासी थाना क्षेत्र कोसीर को गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है।

## दिव्यांग बिट्टू महंत को मिल रही गृह आधारित शिक्षा

**» राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा व्हीलचेयर किया गया प्रदाय**

**» बिट्टू को दिव्यांग बच्चों हेतु शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं अंतर्गत मिल रही दिव्यांग छात्रवृत्ति एवं ट्रांसपोर्ट एलाउंसमेन्ट**



**रायगढ़।** खम्हार (बस्ती पारा) विकासखंड लैलूंगा निवासी बिट्टू महंत एक सेरेब्रल पाल्सी (सी.पी.)से ग्रसित बच्चा है। वह अपने नाना-नानी के साथ बस्ती पारा खम्हार लैलूंगा में रहता है। उसके माता-पिता ने उसे जन्म के बाद छोड़ दिया था। उनका पालन पोषण व देखभाल उसकी नानी द्वारा किया जाता है। उसकी नानी को हमेशा यह अफसोस होता था कि दूसरे बच्चों की तरह बिट्टू कभी पड़ पायेगा या नही, इसके लिए कोई सहयोग हो सकता है कि नहीं।

**दिव्यांग शिविर में मिली आशा की नई किरण-** इसी दरमियान विकासखंड लैलूंगा के ग्राम कोड़ासिया में दिव्यांग शिविर का आयोजन हुआ। उस दिव्यांग शिविर में उसकी नानी भी दूसरे बच्चों की तरह सेरेबल पाल्सी से ग्रसित अपने नाती बिट्टू महंत को लेकर दिव्यांग शिविर में पहुंची। उसी दरमियान उस शिविर में समग्र शिक्षा के विकासखण्ड लैलूंगा में कार्यरत बी.आर.पी.(आई.ई.डी.) श्रीमती सरला चंद्रा से उनकी मुलाकात हुई और जब श्रीमती सरला चंद्रा ने उसकी नानी से पूछा कि आपके इस बच्चे को आपने अभी तक किसी स्कूल में एडमिशन क्यों नही कराया है तो उसकी नानी ने बताया कि मैडम हमारे बच्चे को स्कूल में विद्यालय में एडमिशन नहीं हो रहा है। तब श्रीमती सरला चंद्रा ने जिला कार्यालय के निर्देशानुसार लैलूंगा विकास खंड शिक्षा अधिकारी जी.आर.जाटवर एवं बीआरसीसी अरविंद राजपूत के मार्गदर्शन से स्कूल के प्रधान पाठक से चर्चा कर सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित बिट्टू महंत का नाम स्कूल में दर्ज कराया। वर्तमान में बिट्टू महंत शासकीय प्राथमिक शाला बस्ती पारा खम्हार लैलूंगा में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत है।

**दी जा रही गृह आधारित शिक्षा, प्रदान की गई सहायक सामग्री-** वर्तमान में बिट्टू महंत को बीआरपी सरला चंद्रा द्वारा बिट्टू को गृह आधारित शिक्षा प्रदान की जा रही है। जिससे सेरेबल पाल्सी से ग्रसित दिव्यांग बच्चे बिट्टू महंत के सपनों को नई उड़ान मिली है। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी शिक्षा मिशन के द्वारा शासकीय योजना के तहत बिट्टू महंत को व्हीलचेयर भी प्रदान किया गया है, जिसके सहारे उसे आवागमन में काफी सुविधा मिल रही है। इसके अतिरिक्त दिव्यांग बच्चों को शासन द्वारा दी जाने वाली समस्त लाभ जैसे दिव्यांग छात्रवृत्ति, ट्रांसपोर्ट एलाउंसमेंट भी प्रदाय किया जा रहा है।

## मुर्गी पालन से समूह की महिलाओं को मिला आजीविका का नया अवसर



**रायगढ़।** प्रकाश महिला स्व-सहायता समूह के लिए मुर्गीपालन आजीविका का नया अवसर लेकर आया है। समूह की 10 महिलाएं अपने घरेलू कार्य करने के बाद मुर्गीपालन व्यवसाय को अपनाकर अपने व परिवार के लिए अतिरिक्त आय अर्जित कर रही है। मुर्गीपालन से हो रहे आय को देखते हुए स्थानीय महिलाएं भी प्रेरित होकर मुर्गीपालन की ओर रूचि दिखाते हुए आजीविका के नये अवसर की ओर कदम बढ़ा रही है।

विकासखण्ड सारंगढ़ के कोसीर गोठान की प्रकाश महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यो में श्रीमती अनिता वनज एवं अन्य महिलाओं को मुर्गीपालन में रूचि को देखते हुए वर्ष 2020-21 में पशुधन विकास विभाग रायगढ़ द्वारा 400 नग 28 दिवसीय ब्रायलर चूजे आजीविका संवर्धन व गोठान को मल्टी-एक्टिविटी सेंटर के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से प्रदाय किये गये थे। पशुधन विकास विभाग से प्राप्त चूजों का स्व-सहायता समूह के सदस्यों द्वारा गोठान में निर्मित शेड में उचित देखभाल करते हुए पालन पोषण किया गया। श्रीमती अनीता वनज एवं अन्य समूह के सदस्यों द्वारा बारी-बारी से घर के कार्यों के उपरांत बचे समय में चूजों को नियमित अंतराल में दाना एवं पानी प्रदाय किया जा रहा था। चूजों में टीकाकरण का कार्य पशु चिकित्सालय कोसीर में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा किया जाता था एवं मुर्गीपालन हेतु तकनीकी प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा था। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, रायगढ़ ने समय-समय पर कोसीर गोठान का भ्रमण किया। समूह के सदस्यों को मुर्गीपालन में आ रही कठिनाईयों के निराकरण हेतु उप संचालक द्वारा स्थानीय पशु चिकित्सा संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया गया व मुर्गीपालन हेतु तकनीकी जानकारी प्रदाय की गई। लगभग 45 दिवस में अधिकांश चूजों का वजन 1.5 कि.ग्रा.तक पहुंचने लगा एवं मुर्गो को वजन के हिसाब से स्व-सहायता समूह के सदस्यों द्वारा विक्रय स्थानीय बाजार में 100 रुपये किलो ग्राम की दर से किया गया। इस प्रकार समस्त मूर्गो के लगभग 1.5 किलो ग्राम वजन प्राप्त करने के उपरांत विक्रय स्व-सहायता समूह के सदस्यों द्वारा स्थानीय बाजार में विक्रय किया गया। विक्रय करने पर समूह के सदस्यों को लगभग 52 हजार 500 रुपये की आय अर्जित की गई। मुर्गीपालन में समस्त लागत व्यय पश्चात स्व-सहायता समूह के सदस्यों को 16 हजार 500 रुपये शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। जिससे समूह की महिलाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया है तथा काम को आगे विस्तार दे रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480